विद्या सवर्थि साधिका

आनंदालय

वार्षिक परीक्षा

कक्षा : नौवीं

विषय : हिंदी 'ब'(085) अधिकतम अंक : 80

दिनांक : 03-03-2023 निर्धारित समय : 3 घंटे

सामान्य निर्देश:

- इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और 'ब'
- खंड 'अ' में उप प्रश्नों सहित कुल 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं | दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए |
- खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं |
- दिए गए निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए|
- दोनों खंडों में कुल 19 प्रश्न दिए गए है | दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |
- यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए |

## खंड-'अ' (वस्तुपरक-प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश के नीचे लिखे वैकल्पिक प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कर उत्तर लिखिए - (1x5=5)

जीवन की सच्ची प्रगति स्वावलम्बन के द्वारा ही संभव है । यदि हमारे मन में अपना कार्य करने का उत्साह नहीं है, अपने ऊपर विश्वास नहीं है, आलस्य ने हमारी कार्य शक्ति को पंगु बना दिया है तो फिर कैसे हमारे जीवन के कार्य पूरे हो सकेंगे ? ऐसी स्थिति में हम अपने आपको किसी भी कार्य को करने में असमर्थ पाएँगे । समाज और संसार के लिए तो हम कर ही क्या सकेंगे, स्वयं अपने लिए भी भार स्वरूप हो जाएँगे । यह बात विचारणीय है कि संसार में जो इतने महान कार्य हुए हैं, क्या उनके पीछे स्वावलम्बन की सुदृढ़ शक्ति नहीं थी ?

यदि परावलम्बी पुरुषों की भाँति सभी हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते, अकर्मण्यता, आलस्य और दूसरों के सहारे जीने की भावना लिए रहते तो मानव समाज की इतनी प्रगति क्या संभव थी ? इसीलिए तो संसार के सभी महापुरुष स्वावलंबन के पुजारी थे । अपने हाथों से ही उन्होंने अपने महान जीवन का द्वार खोला था । अब्राहम लिंकन, महात्मा गांधी, ईश्वर चन्द्र विद्या सागर आदि महापुरुषों से कौन अपरिचित है ? उन्होंने स्वाबलम्बन के अमृत को पीकर ही अमरता प्राप्त की थी । इसी कारण वे आज मर कर भी जीवित हैं ।

(क) स्वावलम्बन से तात्पर्य है -

(i) स्वयं पर विश्वास (ii) कार्य करने का उत्साह (iii) कार्य करने की प्रवृत्ति (iv) उपर्युक्त सभी

(ख) संसार के महान कार्यों के पीछे शक्ति निहित होती है....

(i) परावलम्बन की (ii) स्वावलम्बन की (iii) आलम्बन की (iv) इनमें से कोई नहीं

(ग) स्वावलम्बी महापुरुष थे -

(i) अब्राहम लिंकन (ii) महात्मा गाँधी (iii) ईश्वरचन्द्र विद्यासागर (iv) उपर्युक्त सभी

(घ) परावलम्बी पुरुष की प्रवृत्ति है -

(i) उत्साह (ii) अकर्मण्यता (iii) विश्वास (iv) उपर्युक्त सभी

(ङ) स्वावलम्बन के द्वारा ही संभव है -

(i) विनाश (ii) विकास (iii) पराजय (iv) पराभव

2. निम्नलिखित गद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कर उत्तर लिखिए - (1x5=5)

बातचीत करते समय हमें शब्दों के चयन पर विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योंकि सम्मानजनक शब्द व्यक्ति को उदात्त एवं महान बनाते हैं। बातचीत को सुगम एवं प्रभावशाली बनाने के लिए सदैव प्रचलित भाषा का ही प्रयोग करना चाहिए। अत्यंत साहित्यिक एवं क्लिष्ट भाषा के प्रयोग से कहीं ऐसा न हो कि हमारा व्यक्तित्व चोट खा जाए। बातचीत में केवल विचारों का ही आदान-प्रदान नहीं होता, बल्कि व्यक्तित्व का भी आदान-प्रदान होता है। अतः शिक्षक वर्ग को शब्दों का चयन सोच-समझकर करना चाहिए। शिक्षक वास्तव में एक अच्छा अभिनेता होता है, जो अपने व्यक्तित्व, शैली, बोलचाल और हावभाव से विद्यार्थियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता है और उन पर अपनी छाप छोड़ता है।

(क) शिक्षक होता है-

(i) राजनेता (ii) साहित्यकार (iii) अभिनेता (iv) कवि

(ख) बातचीत में किस प्रकार की भाषा का प्रयोग करना चाहिए?

(i) अप्रचलित (ii) प्रचलित (iii) क्लिष्ट (iv) रहस्यमयी

(ग) शिक्षक वर्ग को बोलना चाहिए ?

(i) सोच-समझकर (ii) ज्यादा (iii) बिना सोचे-समझे (iv) तुरंत

(घ) बातचीत में आदान-प्रदान होता है-

(i) केवल विचारों का (ii) केवल भाषा का (iii) केवल व्यक्तित्व का (iv) विचारों एवं व्यक्तित्व का

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक है-

(i) बातचीत की कला (ii) शब्दों का चयन (iii) साहित्यिक भाषा (iv) व्यक्तित्व का प्रभाव

3. निर्देशानुसार 'शब्द और पद' पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प चुन कर उत्तर लिखिए- (1x2=2)

(क) मजिस्ट्रेट शब्द है -

(i) तत्सम (ii) तद्भव (iii) देशज (iv) विदेशज

(ख) निम्न में रुढ़ शब्द कौन सा है -

(i) वाचनालय (ii) पशु (iii) समतल (iv) विद्यालय

4. निर्देशानुसार 'अनुस्वार और अनुनासिक' पर आधारित तीन बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के सही विकल्प चुन कर उत्तर लिखिए - (1x2=2)

(क) 'फिरन्गी' शब्द में उचित स्थान पर अनुस्वार लगाकर मानक रूप का विकल्प लिखिए-

(i) फिरन्र्गी (ii) फिरँगी (iii) फिरागी (iv) फिरंगी

(ख) 'गुंथ' में उचित स्थान पर अनुनासिक लगाकर मानक रूप लिखिए -

(i) गुंथ (ii) गुथ (iii) गूँथ (iv) गुन्नथ

(ग) निम्नलिखित शब्दों में से उस शब्द को चुनिए, जिसमें उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग हुआ है -

(i) साँतवा (ii) ध्वनिंया (iii) सातवाँ (iv) अँश

5. निर्देशानुसार 'उपसर्ग और प्रत्यय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (1x4=4)

(क) 'निर्मल' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है -

(i) निस्/निः (ii) नि (iii) निर् (iv) न्र

(ख) 'निरूपण' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है -

(i) नि (ii) निर् (iii) निरू (iv) निर्र

(ग) 'विलास' में प्रत्यय क्या है ?

(i) आ (ii) आस (iii) आन (iv) आप

(घ) 'धमाका' में प्रत्यय है -

(i) आक (ii) अक (iii) आका (iv) अक्कड़

(ङ) 'पिटाई' में प्रत्यय क्या है -

(i) आइ (ii) आई (iii) आय (iv) आका

6. निर्देशानुसार 'संधि' पर आधारित चार बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (1x3=3)

(क) 'महोदय' का सही संधि-विच्छेद है -

(i) महो+दय (ii) महा+ओदय (iii) महान+उदय (iv) महा+उदय

(ख) 'राकेश' का सही संधि-विच्छेद है -

(i) राके+श (ii) राक+ईश (iii) राका+इश (iv) राका+ईश

(ग) 'स्वागत' में प्रयुक्त संधि का नाम है -

(i) व्यंजन संधि (ii) यण संधि (iii) दीर्घ संधि (iv) वृद्धि संधि

(घ) 'पवित्र' में प्रयुक्त संधि का भेद है -

(i) यण संधि (ii) गुण संधि (iii) अयादि संधि (iv) वृद्धि संधि

7. निर्देशानुसार 'विराम चिह्न' पर आधारित चार बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (1x3=3)

(क) किस वाक्य में विराम चिह्न का उचित प्रयोग है-

(i) सुनो! सुनो! वह गा रही है |

(ii) यह दूर से, बहुत दूर से आ रहा है |

(iii) प्रिय महाशय, मै आपका आभारी हूँ |

(iv) मै मनुष्य में मानवता देखना चाहती हूँ, उसे देवता बनाने की मेरी इच्छा नही |

(ख) जहाँ वाक्य की गति अंतिम रूप ले, विचार के तार टूट जाएँ, वहाँ किस विराम चिह्न का प्रयोग किया जाता है ?

(i) योजक (ii) अल्पविराम (iii) उद्धरण चिह्न (iv) पूर्ण विराम

(ग) निम्नलिखित में कौन-सा विराम चिह्न का प्रकार नही है ?

(i) निर्देशक (ii) लाघव (iii) उपदेशक (iv) विवरण

(घ) किसी कठिन शब्द को स्पष्ट करने के लिए किस विराम चिह्न का प्रयोग होता है?

(i) विवरण चिह्न (ii) निर्देशक (iii) कोष्टक (iv) उप विराम

8. निर्देशानुसार 'अर्थ की दृष्टि वाक्य भेद' पर आधारित तीन बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (1x2=2)

(क) 'मेरा आज बाहर घूमने का मन हो रहा है।' यह वाक्य किस प्रकार का वाक्य है -

(i) आज्ञा वाचक (ii) संकेत वाचक (iii) इच्छा (iv) विस्मयादिबोधक

(ख) 'रमा पत्र लिख रही है।' इस वाक्य में अर्थ के आधार पर वाक्य का कौन सा वाक्य भेद है ?

(i) विधान (ii) संदेह वाचक वाक्य (iii) प्रश्न (iv) आज्ञा वाचक

(ग) 'मेरे लिए किताब लाओ।' यह वाक्य किस प्रकार का वाक्य है -

(i) आज्ञा वाचक (ii) संकेत वाचक (iii) इच्छा वाचक (iv) विस्मयादिबोधक

9. निम्नलिखित पद्यांश के नीचे लिखे वैकल्पिक प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कर उत्तर लिखिए - (5x1=5)

ऐसी लाल तुझ बिनु कउनु करै।
गरीब निवाजु गुसईआ मेरा माथै छत्रु धरै।।
जाकी छोति जगत कउ लागै ता पर तुहीं ढ़रै।
नीचहु ऊँच करै मेरा गोबिंदु काहू ते न डरै॥
नामदेव कबीरु तिलोचनु सधना सैनु तरै।
कहि रविदासु सुनहु रे संतहु हरिजीउ ते सभै सरै॥

(क) गरीबों के सर पर छत्र कौन रख सकता है ?

(i) पूजा (ii) राजा (iii) ईश्वर (iv) कवि

(ख) "रैदास ने ऐसी लाल ...... सभे सरै" ....पद में उस समय की किस समस्या को उठाया है ?

(i) विधवा विवाह (ii) बाल विवाह (iii) अशिक्षा (iv) छुआछूत की समस्या

(ग) ईश्वर क्या कर सकते हैं ?

(i) नीच से नीच व्यक्ति को ऊँचा उठा सकते हैं

(ii) सब पर अपनी कृपा कर सकते हैं

(iii) रंक के सिर पर भी ताज़ रख सकते हैं

(iv) उपर्युक्त सभी कर सकते हैं

(घ) 'गुसईआ' शब्द का शाब्दिक अर्थ है -

(i) इंद्र (ii) हनुमान जी (iii) ईश्वर (iv) वरुण देव

(ङ) रैदास ने यहाँ निम्न में से किस कवि का उल्लेख नहीं किया है ?

(i) कबीर (ii) बोधा (iii) नामदेव (iv) सधना

10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए | (2x1=2)

(क) यदि भगवान ने गुलाब को भी बोलने की शक्ति दी होती तो वह पूरी दुनिया को किसके गीत सुनाता ?

(i) प्रकृति की सुंदरता के (ii) शुक-शुकी के प्रेम के

(iii) प्रेमी-प्रेमिका के प्रेम के (iv) अपने सपनों के

(ख) कवि के अनुसार जीवन में कौन सफल होता है?

(i) कठिन समय में मदद लेने वाला

(ii) कठिन समय में हार मानने वाला

(iii) जीवन के हर मोड़ पर दूसरों पर निर्भर रहने वाला

(iv) हमेशा मेहनत करने वाला

11. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक सटीक विकल्प का चयन कीजिए- (5x1=5)

अब बेटे के बिना बुढ़िया को दुअन्नी-चवन्नी भी कौन उधार देता | रोते-रोते और आँखें पोंछते भगवाना के बटोरे हुए खरबूजे डलिया में समेट कर बाजार की ओर चली और चारा भी क्या था ? बुड़िया खरबूजे बेचने का साहस करके आई थी, परंतु सिर पर चादर लपेटे, सिर को घुटनों पर टिकाए हुए फफक-फफक कर रो रहे थी |

कल जिसका बेटा चल बसा, आज वह बाज़ार में सौदा बेचने चली है, हाय रे पत्थर दिल!

उस पुत्र योगिनी के दुख का अंदाजा लगाने के लिए पिछले साल अपने पड़ोस में पुत्र की मृत्यु से दुखी माता की बात सोचने लगा | वह संभ्रांत महिला पुत्र की मृत्यु के बाद अढ़ाई मास तक पलंग से उठ न सकी थी | उन्हें 15-15 मिनट बाद पुत्र वियोग से मूर्छा आ जाती थी और मूर्छा न आने की अवस्था में आँखों से आँसू न रुकते थे 2-2 डॉक्टर हरदम सिरहाने बैठे रहते थे | हरदम सिर पर बर्फ रखी जाती थी | शहर भर के लोगों के मन में उस पुत्र-शोक से द्रवित हो उठते थे |

जब मन को सूझ का रास्ता नहीं मिलता तो बेचैनी से कदम तेज हो जाते हैं | उसी हालत में नाक ऊपर उठाए, राह चलतों से ठोकरें खाता मैं चला जा रहा था | सोच रहा था - शोक करने, गम मनाने के लिए भी सहूलियत चाहिए और ....... दुखी होने का भी एक अधिकार होता है |

(क) खरबूजे बेचने वाली बुढ़िया के बेटे का क्या नाम था ?

(i) भगवाना (ii) भगावन (iii) भगवान (iv) भागवन

(ख) कहानी में लोगों ने किसे 'पत्थर दिल' कहा है ?

(i) लेखक को (ii) बुढ़िया को (iii) भगवाना को (iv) पड़ौसिन को

(ग) गद्यांश का भाव है ?

(i) सुखांतक (ii) सामान्य (iii) दुखांत (iv) विभस्त

(घ) कौन-सी महिला पुत्र की मृत्यु के बाद अढ़ाई मास तक पलंग से उठ न सकी ?

(i) अमीर महिला (ii) गरीब महिला (iii) संभ्रांत महिला (iv) माध्यमवर्गीय महिला

(ङ) कहानी के लेखक हैं - (i)

(i) महिपाल (ii) यशपाल (iii) विजयपाल (iv) देशपाल

12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए- (2x1=2)

(क) कैंप-एक पर पँहुचने वाली दो महिलाएँ कौन थीं?

(i) डॉ मीनू मेहता तथा बचेंद्री पाल (ii) रीता गोंबू तथा बचेंद्री पाल

(iii) डॉ मीनू मेहता तथा रीता गोंबू (iv) इनमें से कोई नहीं

(ख) खंभात के पास किस नदी के आगे कीचड़-ही-कीचड़ दिखाई देती है?

(i) मही नदी के (ii) नर्मदा नदी के (iii) ब्रह्मपुत्र नदी के (iv) ताप्ती नदी के

## खंड - 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)

13. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए - (3x2=6)

(क) अतिथि सदैव देवता नहीं होता वह मानव और थोड़े अंशों में राक्षस भी हो सकता है | 'तुम कब जाओगे अतिथि' पाठ के आधार पर कथन की व्याख्या कीजिए |

(ख) उन पत्रों को देख-कर दिल्ली और शिमला में बैठे वायसराय लंबी साँसे उसाँसे लेने लगते थे | शुक्र तारे के सामान पाठ के आधार पर आशय स्पष्ट कीजिए |

(ग) उन कारणों का उल्लेख कीजिए जिनके कारण गाँव का बचपन शहर के बचपन से भिन्न होता है ? धूल पाठ के आधार लिखिए |

14. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए - (3x2=6)

(क) प्रेमी और उसकी राधा के माध्यम से गीत-अगीत की स्थिति को स्पष्ट कीजिए |

(ख) रहीम के अनुसार कौन-सा जल स्रोत या साधन जगत को उपयोगी होता है ? रहीम के पद के आधार पर लिखिए |

(ग) 'अग्निपथ' कविता थके–हारे निराश मन को उत्साह एवं प्रेरणा से भर देती है। स्पष्ट कीजिए।

15. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए - (2x3=6

(क) लेखक को ऐसा क्यों लगा कि त्रिपुरा स्वच्छता के नाम पर उत्तर भारतीय गाँवों से अलग है ? इससे आपको क्या प्रेरणा मिलती है?

(ख) 'नीलकंठ' पाठ के आधार पर कौए को एक साथ समादरित और अनादरित प्राणी क्यों कहा गया है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए |

(ग) अपनी शक्ति के अनुसार योजना बनाने वाला ही सफल होता है"–स्मृति पाठ के अनुसार इस कथन की विवेचना कीजिए।

16. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 100 से 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - (1x6=6)

(क) आत्मनिर्भरता

संकेत बिंदु-
- आत्मनिर्भरता क्या है ?
- आत्मनिर्भरता के लाभ
- आत्मनिर्भरता से जुड़ी सावधानियाँ
- उपसंहार

(ख) नारी तेरे रूप अनेक

संकेत बिंदु-
- नारी के विविध रूप
- शिक्षा में प्रगति
- विभिन्न पदों पर नारी
- सुरक्षा की आवश्यकता
- निष्कर्ष

(ग) बदलती दुनिया में पीछे छूटते जीवन मूल्य

संकेत बिंदु-
- संसार परिवर्तनशील
- बदलाव का प्रभाव
- खोते नैतिक मूल्य
- उपसंहार

17. (क) अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए, जिसमें पटाखों के नुकसान बताते हुए पटाखों के बिना दीपावली मनाने की सीख लगभग 100 से 120 शब्दों में लिखिए | (1x6=6)

**अथवा**

(ख) आपके विद्यालय से माउन्टाबू भ्रमण हेतु छात्रों का एक दल जा रहा है। इस यात्रा में शामिल होने के कारणों का उल्लेख करते हुए अपने पिता जी से अनुमति माँगते हुए लगभग 100 से 120 शब्दों में पत्र लिखिए।

18. (क) बाढ़ आने से कई गाँव जलमग्न हो गए हैं। दो मित्र (रमेश-सुरेश) उनकी सहायता के लिए जाना चाहते हैं। उनके बीच हुई बातचीत को लगभग 80 से 100 शब्दों में संवाद आलेखन कीजिए | (1x5=5)

**अथवा**

(ख) नए विद्यालय में अपने पुत्र का दाखिला दिलवाने गए अभिवावक और प्रधानाचार्य के मध्य हुई बातचीत को लगभग 80 से 100 शब्दों में, संवाद शैली में लिखिए |

19. दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर मन में उभरे विचारों को 80-100 शब्दों में लिखिए | विचारों का वर्णन स्पष्ट रूप से, चित्र से संबंधित होना चाहिए| (1x5=5)

